# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. फार्मर आईडी तैयार करने में पूरे देश में राजस्थान का कौनसा स्थान है।

(A) दूसरा

(B) पहला

(C) चौथा

(D) इनमें से कोई नही

- फार्मर आईडी तैयार करने में पूरे देश में राजस्थान का चौथा स्थान है
- सरकारी आंकड़ों के अनुसार फार्मर आईडी तैयार करने में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है, जहां 2.43 करोड़ से अधिक किसानों की डिजिटल पहचान बनाई जा चुकी है। इसके बाद महाराष्ट्र (1.35 करोड़), मध्य प्रदेश (1.13 करोड़) और राजस्थान (87.23 लाख) का स्थान है।
- 20 जुलाई 2026 तक 10.18 करोड़ से अधिक किसानों की फार्मर आईडी (डिजिटल किसान आईडी) तैयार की जा चुकी है। इस डिजिटल पहचान के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिक पारदर्शी और आसान तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है।
- फार्मर आईडी का उद्देश्य किसानों को अलग-अलग सरकारी योजनाओं और सेवाओं से एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए जोड़ना है।

## Yesterday Revision

प्रश्न 1: संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (यूएनसीसीडी) के कोप-17 से पहले राष्ट्रीय स्तर का प्री-कोप संवाद कहाँ और किस विषय पर आयोजित किया गया?

उत्तर: यह संवाद चूरू में आयोजित किया गया। गंगनहर की स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इसका विषय 'ए कंट्री ऑफ द गंग कैनाल: लैंड, वाटर एंड क्लाइमेट रेसिलियंस इन द थार डेजर्ट' (26 जुलाई) था।

प्रश्न 2: Travel + Leisure मैगजीन द्वारा जारी World's Best Awards 2026 की रैंकिंग में दुनिया के टॉप 20 बेस्ट शहरों में राजस्थान के किन शहरों ने जगह बनाई है?

उत्तर: इस सूची में राजस्थान के दो शहरों ने जगह बनाई है — उदयपुर 12वें स्थान पर और जयपुर 16वें स्थान पर रहा। (एशिया के टॉप 10 में उदयपुर 8वें और जयपुर 10वें स्थान पर है)।

प्रश्न 3: हाल ही में दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित 'भारत सम्मान 2026' से किसे सम्मानित किया गया?

उत्तर: वनस्थली विद्यापीठ, जयपुर की छात्रा व युवा साहित्यकार प्रतीक्षा यादव को। उन्हें यह सम्मान साहित्य, हिंदी भाषा संवर्धन और ओजस्वी वक्तव्य के लिए दिया गया।

प्रश्न 4: केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की शक्तियों और संसाधनों के हस्तांतरण की रिपोर्ट के अनुसार ओवरऑल रैंकिंग में कौन सा राज्य पहले स्थान पर है और राजस्थान की स्थिति क्या है?

उत्तर: ओवरऑल रैंकिंग में कर्नाटक पूरे देश में पहले स्थान पर है। कर्मचारियों की उपलब्धता के मामले में राजस्थान 11वें स्थान पर है, जबकि पंचायतों को सीधे काम और वित्तीय अधिकार सौंपने के मामले में प्रदेश चौथे स्थान पर है।

प्रश्न 5: डिजिटल फार्मर आईडी तैयार करने के मामले में पूरे देश में राजस्थान का कौन सा स्थान है?

उत्तर: राजस्थान का पूरे देश में चौथा स्थान है (यहां 87.23 लाख किसानों की आईडी बनी है)। इस सूची में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान में पीएम सेतु योजना के अंतर्गत 8 क्लस्टर प्रस्तावित किए गए हैं।

(B) पीएम सेतु योजना का शुभारंभ 4 अक्टूबर 2025 को ₹60,000 करोड़ के बजट के साथ किया गया।

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

पीएम सेतु (PM-SETU) योजना देश के 1,000 से अधिक सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITIs) को आधुनिक और उद्योग-अनुकूल बनाने की एक बड़ी पहल है। इसे 4 अक्टूबर 2025 को 60,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ शुरू किया गया था। इसका पूरा नाम 'प्रधानमंत्री कौशल एवं रोजगार परिवर्तन योजना' (Pradhan Mantri Skilling and Employability Transformation through Upgraded ITIs) है।

संबंधित मंत्रालय: केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय।

मॉडल व लक्ष्य: देशभर की 1,000 राजकीय आईटीआई (ITIs) को 'हब-एंड-स्पोक' मॉडल पर अपग्रेड (उन्नत) करना।

वित्तीय मॉडल (बजट: 5 वर्ष, ₹60,000 करोड़):

केंद्र सरकार का अंशदान: 50% राज्य सरकार का अंशदान: 33% उद्योग (पार्टनर) की सहभागिता: 17%

राजस्थान में प्रस्तावित 8 क्लस्टर: भिवाड़ी, जोधपुर, जयपुर, बालोतरा, बांसवाड़ा, भरतपुर, बीकानेर, और कोटा।

प्रथम स्वीकृत क्लस्टर: मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में भिवाड़ी क्लस्टर के लिए 'M/s H.G. Infra Engineering Limited' के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू हुए 'गिव अप अभियान' के तहत 93.48 लाख सक्षम लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ दिया।

(2) इस अभियान के परिणामस्वरूप 1 करोड़ 56 हजार 511 नए पात्र लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत जोड़ा गया।

**सही कथन चुनिए:**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू हुए 'गिव अप अभियान' ने बड़ा रिकॉर्ड बनाया है. प्रदेश में 93.48 लाख सक्षम लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ दिया, जिससे 1 करोड़ 56 हजार 511 नए पात्र लोगों को एनएफएसए के तहत जोड़ा जा सका.
- अभियान की शुरुआत: यह पहल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर 1 नवंबर 2024 को शुरू की गई थी।
- उद्देश्य: आर्थिक रूप से संपन्न और अपात्र लोगों को स्वेच्छा से राशन सब्सिडी व खाद्य सुरक्षा छोड़ने के लिए प्रेरित करना था, ताकि जरूरतमंद व वंचित गरीबों को इसका लाभ मिल सके।
- इस अभियान के परिणामस्वरूप खाली हुई रिक्तियों और पोर्टल के पुनः खुलने के बाद 1 करोड़ से अधिक नए और पात्र जरूरतमंद लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना के दायरे में जोड़ा गया है।
- खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़ने वाले नए लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं के साथ-साथ अन्य कल्याणकारी योजनाओं जैसे रसोई गैस सब्सिडी और आयुष्मान योजनाओं का लाभ भी मिलता है।

03. राजस्थान कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, जिन्हें हाल ही में शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग का नया सचिव नियुक्त किया गया है, वे कौन हैं?

(A) विनीत जोशी

(B) नरेश पाल गंगवार

(C) सुधांश पंत

(D) आनंद कुमार



**Important Facts:**

- राजस्थान कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नरेश पाल गंगवार को केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग का नया सचिव (Higher Education Secretary) नियुक्त किया गया है। उन्होंने विनीत जोशी का स्थान लिया है।
- केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने से पहले उन्होंने लगभग 25 वर्षों तक राजस्थान के विभिन्न जिलों और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण विभागों में अपनी सेवाएं दी हैं।
- जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन के प्रारंभिक चरण के दौरान, 2010 से 2014 के बीच राजस्थान की सौर नीति तैयार करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।
- उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब शिक्षा मंत्रालय पेपर लीक के खिलाफ मजबूत सुरक्षा उपायों, परीक्षा सुरक्षा में सुधार और भारत की प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली में जनता का विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से संस्थागत सुधारों की बढ़ती मांगों को पूरा करने की तैयारी कर रहा है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) "भारत टैक्सी" (सहकारिता पहल) का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एचसीएम रीपा संस्थान, जयपुर में किया।

(2) "भारत टैक्सी" में 'सारथी ही मालिक' मॉडल अपनाया गया है, जिसमें ड्राइवर संस्था का सह-मालिक एवं शेयरधारक होता है तथा यात्रा की कमाई सीधे उसके खाते में जाती है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- भारत टैक्सी" (सहकारिता पहल) ✌️
- शुभारंभ : मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर (एचसीएम रीपा संस्थान) में। 🎊
- 'सारथी ही मालिक' (सहकारी मॉडल) : अन्य निजी कंपनियों (जैसे ओला/उबर) के विपरीत, इसमें ड्राइवर (सारथी) केवल सेवा प्रदाता नहीं बल्कि संस्था का सह-मालिक और शेयरधारक होता है। यात्रा की कमाई बिना किसी बिचौलिये के सीधे सारथी के खाते में जाती है। 🎋
- प्रमुख लाभ व सुरक्षा : इस पहल के तहत ड्राइवरों (सारथियों) को 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया गया है।
- वर्तमान स्थिति और आंकड़े : राष्ट्रीय स्तर दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र के बाद अब यह राजस्थान में शुरू हुई है। 🌋
- महत्वपूर्ण समझौते: इसके सफल संचालन और विस्तार के लिए राजस्थान पुलिस, सरस, जयपुर नगर निगम और जयपुर मेट्रो के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं

**05. राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (SLSC) की बैठक में राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत कितने उद्योगों को अनुदान स्वीकृत किए गए?**

(A) 8 उद्योग

(B) 10 उद्योग

(C) 12 उद्योग

(D) 15 उद्योग

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना की बदौलत, प्रदेश में लगातार नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं और राज्य सरकार द्वारा, विभिन्न प्रकार के अनुदान दिए जा रहे हैं।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में, राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (एसएलएससी) की बैठक हुई।
इसमें, 10 उद्योगों को अनुदान स्वीकृत किए गए।

इन उद्यमों को, एसेट क्रिएशन इन्सेंटिव, थ्रस्ट बूस्टर/ब्याज अनुदान, विद्युत शुल्क में छूट, ग्रीन इन्सेंटिव जैसे, विविध परिलाभ दिए जाएँगे।

इन उद्योगों द्वारा, कुल 1,117 करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश किया गया है और 2,300 से अधिक लोगों के लिए, रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं।

जयपुर, रविवार, 26 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-157

1. **राजस्थान** निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को निम्नलिखित में से कौन-से परिलाभ-अनुदान प्रदान किए जाते हैं?
(A) एसेट क्रिएशन इन्सेन्टिव
(B) थ्रस्ट बूस्टर एवं ब्याज अनुदान
(C) विद्युत शुल्क में छूट एवं ग्रीन इन्सेन्टिव
(D) उपर्युक्त सभी

2. **राजस्थान** के 'गिव अप अभियान' के तहत लगभग कितने सक्षम लोगों ने स्वेच्छा से अपना खाद्य सुरक्षा अधिकार छोड़ा?
(A) 55 लाख (B) 72 लाख
(C) 93 लाख (D) 1.16 करोड़

3. **जयपुर** विकास प्राधिकरण द्वारा गुलाबी नगरी के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों पर बनाए जाने वाले भव्य स्वागत द्वार किस थीम पर आधारित होंगे?
(A) हेरिटेज टू मॉडर्न
(B) वेस्ट टू आर्ट
(C) ग्रीन एंड क्लीन जयपुर
(D) स्मार्ट सिटी विजन

4. **मा योजना** के तहत यदि कोई मरीज राज्य से बाहर अंग प्रत्यारोपण कराना चाहता है, तो उसे पूर्व अनुमति किससे लेनी होती है?
(A) राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी
(B) जिला चिकित्सा महाविद्यालय की ट्रांसप्लांट इवैल्यूएशन कमेटी
(C) राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड (जयपुर)
(D) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला - एक उत्पाद' के तहत बारां जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) गार्लिक प्रोडक्ट
(B) सेण्ड स्टोन
(C) कोटा डोरिया
(D) क्वार्ट्ज

**Today, Quiz:**

**Q. जेडीए द्वारा जयपुर शहर के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों पर किस थीम आधारित भव्य स्वागत द्वार (वेलकम गेट) विकसित किए जाएंगे।?**

(A) रंगीला राजस्थान

(B) राजस्थानी मान

(C) 'वेस्ट टू आर्ट'

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine